Helpline 1064 94135-02834

कार्यालय महानिदेशक भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो

(जनसम्पर्क प्रकोष्ठ)

प्रेस नोट

- **साँचौर, सुमेरपुर–पाली, जोधपुर, जयपुर में सहायक प्रशासनिक अधिकारी व कार्यवाहक आयुक्त, नगर परिषद, साँचौर के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के मामले में 9 ठिकानों पर छापे**
- **आवास की तलाशी में मिली 22 लाख रुपये से अधिक की नगद राशि**
- **आवास एवं अन्य ठिकानों पर तलाशी जारी**

जयपुर, *02 अगस्त, शुक्रवार* / ए.सी.बी. मुख्यालय के निर्देश पर आज ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा कार्यवाही करते हुये **योगेश आचार्य सहायक प्रशासनिक अधिकारी व कार्यवाहक आयुक्त, नगर परिषद, साँचौर** के विरूद्ध दर्ज आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में आरोपी के साँचौर, सुमेरपुर–पाली, जोधपुर, जयपुर स्थित 9 विभिन्न ठिकानों पर छापा मारकर तलाशी अभियान चलाया गया।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने बताया कि ब्यूरो मुख्यालय को गोपनीय शिकायत प्राप्त हुई थी कि **योगेश आचार्य सहायक प्रशासनिक अधिकारी व कार्यवाहक आयुक्त, नगर परिषद, साँचौर** द्वारा अपने एवं अपने परिजनों के नाम से भ्रष्टाचार के साधनों द्वारा अपनी वैध आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित की गई है, जिनकी बाजार कीमत करोड़ों रुपयों से अधिक है।

उक्त शिकायत का ए.सी.बी. की **जोधपुर ग्रामीण/इन्टेजिलेन्स शाखा** द्वारा शिकायत का गोपनीय सत्यापन किया जाकर **आय से अधिक सम्पत्तियाँ अर्जित का मामला** बनना पाये जाने पर **प्रकरण** दर्ज किया गया। एसीबी जोधपुर के **उप महानिरीक्षक पुलिस श्री हरेन्द्र महावर** के सुपरवीजन में ए.सी.बी. की विशेष अनुसंधान इकाई, जयपुर के **अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री संदीप सारस्वत, अनुसंधान अधिकारी** के नेतृत्व में सक्षम न्यायालय से तलाशी वारंट प्राप्त किया जाकर ए.सी.बी की विभिन्न टीमों के साथ, आज अलसुबह आरोपी के साँचौर, सूमेरपुर–पाली, जोधपुर, जयपुर स्थित **9 विभिन्न ठिकानों** पर तलाशी की कार्रवाई की गई।

आरोपी योगेश आचार्य के विभिन्न ठिकानों की तलाशी में **22 लाख रुपये से अधिक नगद राशि, 7 आवासीय/व्यावसायिक भूखण्डों के दस्तावेज, 4 लक्जरी वाहन, 40 से अधिक मंहगी ब्राण्डेड घडियाँ, एक गोल्ड प्लेटेड मोबाईल फोन एवं सोने चांदी के आभूषण** मिले हैं। इसके अतिरिक्त **1 बैंक लॉकर एवं अनेक बैंक खाते** भी मिले हैं। ब्यूरो के प्राथमिक आकलन, प्रथम सूचना रिपोर्ट एवं अब तक मिले दस्तावेजों के अनुसार आरोपी योगेश आचार्य द्वारा करोड़ों रुपये की बाजार कीमत की अनेक परिसम्पत्तियां अर्जित करने का अनुमान है, जो उनकी **वैध आय से आनुपातिक रूप से कहीं अधिक** है।

एसीबी की अतिरिक्त महानिदेशक श्रीमती स्मिता श्रीवास्तव के निर्देशन में ए.सी.बी. की विभिन्न टीमों द्वारा आरोपी के ठिकानों पर तलाशी अभियान जारी है। मामले में ए.सी.बी द्वारा आय से अधिक सम्पत्ति अर्जित करने के प्रकरण में अग्रिम अनुसंधान किया जावेगा।

भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो के महानिदेशक श्री डॉ. रवि प्रकाश मेहरड़ा ने समस्त प्रदेशवासियों से अपील की है कि भ्रष्टाचार निरोधक ब्यूरो की ***हैल्पलाईन नं.* 1064** *एवं* ***Whatsapp हैल्पलाईन नं.* 94135–02834** पर 24X7 सम्पर्क कर भ्रष्टाचार के विरूद्ध अभियान में अपना महत्वपूर्ण योगदान दें। **एसीबी आपके वैध कार्य को करवाने में पूरी मदद करेगी।**